# आगरा, कानपुर में विकसित होंगे फुटवियर पार्क

## GOOD न्यूज 2 चार साल में ₹7,800 करोड़ से अधिक का निवेश आने का अनुमान

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार लेदर उत्पादों के लिए मशहूर कानपुर और आगरा के फुटवियर उत्पादों को नई पहचान देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कानपुर और आगरा में फुटवियर पार्क विकसित किए जाएंगे। इसके लिए इंडस्ट्री विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इस सेक्टर में निवेश करने की इच्छुक कंपनियों से प्रपोजल इंवेस्ट यूपी ने मांगे है। यूपीसीडा दोनों शहरों में फुटवियर पार्क विकसित करेगा। इंडस्ट्री विभाग की कोशिश है कि आगरा और कानपुर की लेदर इंडस्ट्री को फिर से रिवाइव किया जाए, जिससे देश और दुनिया में यहां बनने वाले उत्पादों का निर्यात किया जा सके। इन दोनों शहरों में 300-300 एकड़ के फुटवियर पार्क बनाए जाएंगे। इंवेस्ट यूपी में दोनों फुटवियर पार्क में अगले चार साल में ₹7,800 करोड़ से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है।

**विश्व स्तरीय लेदर उत्पाद बनाने पर जोर :** फुटवियर पार्क विकसित करने के पीछे इंडस्ट्री विभाग की मंशा फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग की बड़ी इंडस्ट्री स्थापित करने के साथ-साथ प्रीमियम फुटवियर इंडस्ट्री को भी बढ़ावा देना है। इसके अलावा सप्लाई चेन यूनिट्स, टेक्नॉलजी ऐंड डिजाइन सेंटर्स और वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स सेंटर भी विकसित किए जाएंगे।

AI Image



### ये सुविधा देगा इन्वेस्ट यूपी



फुटवियर पार्क में निवेश करने वाली कंपनियों को इंडस्ट्री विभाग रियायतों के साथ-साथ कई और सुविधाएं भी मुहैया करवाएगा। इसमें लैंड अलॉटमेंट, लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट मुहैया करवाया जाएगा। साथ ही टेक्नॉलजी, रिसर्च एंड डिवेलपमेंट और स्किल्ड वर्क फोर्स मुहैया करवाने में भी इंवेस्ट यूपी कंपनियों की मदद करेगा।

### यूपी को क्या मिलेगा फायदा

फुटवियर पार्कों में बनने वाले लेदर उत्पादों से एक तरफ जहां घरेलू डिमांड को पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही लेदर एक्सपोर्ट पर भी राज्य सरकार को जोर रहेगा। आगरा और कानपुर के लेदर उत्पादों की दुनियाभर में डिमांड है। यही वजह है कि राज्य सरकार चाहती है कि लेदर उत्पादों का एक्सपोर्ट पूरी दुनिया में हो। खासतौर पर उन देशों में जिनके साथ भारत ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया हुआ है, जिससे एक्सपोर्ट्स को लाभ मिल सके।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात